हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 20 नवंबर 2025

06 धनखेड़ी पंचायत में यात्री प्रतिक्षालय बेचने और...



09 शासकीय आम रास्ते पर दबंगों ने किया कब्जा !





**खबर संक्षेप**

### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध पत्र पर उपरोक्तानुसार चुकाई गई स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री कराने पर हो जाता है। नागरिकों से अपील है कि अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों का पंजीयन अवश्य कराएं। अनुबंध से अधिकार सुरक्षित रहते हैं तथा विवाद की संभावना बहुत कम हो जाती है।

### स्थानीय ग्रामीण दहशत में, प्रशासन की चुप्पी चिंताजनक, हजारों की संख्या में आसपास बसी आबादी चिंतित

# कोलार डैम में रिसाव, हजारों लोगों की जिंदगी दांव पर, विभाग का दावा: यह बारिश का पानी

डैम के आसपास रहने वाले ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल व्याप्त है। निचले हिस्से में बसे कई गांवों की आबादी हजारों में है और वे सीधे तौर पर इस संभावित खतरे की जद में हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार अब तक कभी डैम से बाढ़ जैसी कोई गंभीर स्थिति नहीं बनी और न ही कोई बड़ा हादसा हुआ।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एक तरफ मध्य प्रदेश सरकार प्रदेश के 90 बांधों का सेफ्टी ऑडिट करवाने के निर्देश दे रही है, वहीं जिले के कोलार डैम की जमीनी हकीकत सरकारी दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। जिले के जीवनरेखा माने जाने वाले कोलार डैम के निचले हिस्से में अचानक खतरनाक रिसाव शुरू हो गया है, जो किसी बड़े हादसे का संकेत माना जा रहा है। इस रिसाव ने डैम के नीचे बसे हजारों ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है और उन पर संभावित जनहानि का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। दूसरी ओर कोलार परियोजना के एई ने दावा किया है यह डैम से रिसाव नहीं, बल्कि बारिश का पानी है, जो नवंबर महीने तक होता है।

जानकारी के अनुसार कोलार डैम की कुल जल संग्रहण क्षमता 265 मिलियन क्यूबिक मीटर है। इतनी बड़ी क्षमता वाले डैम में रिसाव की शुरुआत होना बेहद चिंताजनक है। हैरानी की बात यह है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारी लगातार यह दावा कर रहे हैं कि डैम पूरी तरह से सुरक्षित है, उसकी 'हेल्थ' अच्छी है और सेफ्टी ऑडिट भी पूरा हो चुका है।

#### निचले हिस्से से रिस रही धार

मौके की स्थिति में डैम के निचले हिस्से से रिसते हुए पानी की तेज धारें इन सभी सरकारी दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। यदि यह रिसाव तेजी से बड़ा और डैम की संरचना को गंभीर क्षति हुई, तो निचले इलाकों में बसे कई गांवों में विनाशकारी बाढ़ आ सकती है।

#### 40 साल में पहली बार दिखा ऐसा रिसाव

डैम के आसपास रहने वाले ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल व्याप्त है। निचले हिस्से में बसे कई गांवों की आबादी हजारों में है और वे सीधे तौर पर इस संभावित खतरे की जद में हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार अब तक कभी डैम से बाढ़ जैसी कोई गंभीर स्थिति नहीं बनी और न ही कोई बड़ा हादसा हुआ। एक बुजुर्ग ग्रामीण ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए बताया मैं पिछले 40 साल से इस डैम को देखता आ रहा हूं, लेकिन ऐसा तेज रिसाव मैंने पहली बार देखा है। इसे देखकर लग रहा है कि भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



#### ग्रामीणों की मांग, तुरंत हस्तक्षेप करे प्रशासन

ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि प्रशासन को तुरंत स्थिति का जायजा लेना चाहिए, रिसाव को रोकने के लिए आपातकालीन कदम उठाने चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण डैम की वास्तविक स्थिति को सार्वजनिक करना चाहिए ताकि स्थानीय लोग संभावित खतरे के लिए तैयार रह सकें।

#### बारिश का पानी है

कोलार डैम से रिसाव नहीं हो रहा है। जानकारी मिलने पर मैंने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया है। यह बारिश का पानी है, जो नवंबर महीने तक रिसता है। डैम से रिसाव नहीं हो रहा है।

**अशोक कुमार गुलवानी,** एई कोलार परियोजना

## कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, असामाजिक तत्वों पर हो कड़ी कार्रवाई: अनोखीलाल मालवीय



**सीहोर।** बहुजन समाज पार्टी जिला सीहोर द्वारा अनोखी लाल मालवीय जिला प्रभारी सीहोर के नेतृत्व में कलेक्टर सीहोर के नाम ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि सीहोर में लगातार असामाजिक तत्वों द्वारा गंभीर घटनाओं का अंजाम दिया जा रहा है। उसी क्रम में दिनांक 17 नवम्बर 2025 को कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा प्रवेश परिहार एवं उसके पिता निवासी डॉ.अंबेडकर नगर गंज सीहोर के साथ मारपीट की गई। अगर वहां पुलिस कर्मचारी और स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारी बचाव नहीं करते तो बड़ी घटना घटित हो सकती है। शासकीय संस्थाओं में घुसकर और खासकर जिला चिकित्सालय में गंभीर घटना को अंजाम दिया जाना बेहद चिंताजनक है। साथ ही पुलिस कर्मचारी के साथ धक्का-मुक्की और वीडियो में देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था, कि पुलिस का कोई भय नहीं है इन आसामाजिक तत्वों एव आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर जेल भेजने कार्यवाही की जावे और पीड़ित को न्याय दिलाया जावे।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से नगर पालिका द्वारा टाउन हॉल के पास उपवन बनाया गया है वहाँ पर लगे बाबा साहब के छायाचित्र को आसामाजिक तत्वों द्वारा तोडफ़ोड़ की गई है। बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किसी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मांगी की गई है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर इन असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही की जावे।

इन दोनों मामलों में कड़ी कार्यवाही करने हेतु बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई सीहोर द्वारा आपको ज्ञापन पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। तत्काल कठोर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से नर्मदा प्रसाद सागर जिला प्रभारी बहुजन समाज पाटीर्, संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष, नरसिंह भारतीय, कोमल सिंह नागर, कमल कोरवे, बलराम पेठारी, जगदीश पेठारी, धर्मेन्द्र कनेरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन : सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन की पात्रता रखते हैं।

## पांच अलग-अलग स्वरूप में स्थापित होगी भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर में स्थित प्राचीन श्री ओसवाल जैन मंदिर चरखा लाइन छावनी का पुनर्निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। शहर के बीचों-बीच सफेद मार्बल के पत्थरों से बना यह मंदिर आकर्षण का केंद्र बन गया है। इसी महीने 28 से 30 नवंबर के बीच यहां भगवान श्री मनमोहन पार्श्वनाथ की पुनः प्रतिष्ठा होगी। इसकी तैयारियां श्वेतांबर जैन समाज द्वारा की जा रही हैं। अभी भगवान की मूर्तियों को कस्बे में स्थित एक भवन में रखा गया है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में देशभर से श्वेतांबर जैन समाज के लोग सम्मिलित होंगे। छावनी ओसवाल मंदिर बन गया जैन तीर्थ प्राचीन श्री ओसवाल जैन मंदिर छावनी में मनमोहन पार्श्वनाथ भगवान की मनोरम चमत्कारिक मूर्ति कई वर्षों से विराजित थी। मंदिर के निर्माण के लिए कई साल पहले भामाशाह दानदाता सरदारमल जी जैन ने जमीन का दान किया था, जिस पर इस मंदिर का निर्माण हुआ था। जैनधर्म में ऐसी मान्यता है कि जो मंदिर 100 साल से अधिक पुराना हो जाता है, वह तीर्थ बन जाता है। यही कारण है कि अब छावनी ओसवाल जैन मंदिर को तीर्थ के रूप में मान्यता मिलेगी। जहां देशभर से जैन धर्मावलंबी दर्शन करने आएंगे।

## फांसी लगाने के पहले घर पर बोला: मैं मरने जा रहा हूं, फांसी लगाकर पेड़ पर लटका

**सीहोर।** नगर में 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी ने फांसी लगाने के पहले घर पर बताया कि वह मरने जा रहा है। उसके कहने के बाद भाई उसे ढूंढता रहा लेकिन वह नहीं मिला। काफी समय बाद उसका शव एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। मामला इछावर थाना क्षेत्र में बुधवार का है।

ओमप्रकाश सेन (35) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह आर्या का निवासी था। सूचना मिलने पर इछावर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**इछावर में रहता था युवक :** ओमप्रकाश इछावर में रहता था और 108 एम्बुलेंस में ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) के पद पर कार्यरत था। यह घटना इछावर थाना क्षेत्र के बिछोली रोड पर हुई। जानकारी के अनुसार, आत्महत्या करने से पहले ओमप्रकाश ने अपने घर पर बताया था कि वह मरने जा रहा है। उसका भाई उसे ढूंढ रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और जांच जारी है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है, जो पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।



## दर्दनाक सड़क हादसा: ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को मारी टक्कर, शिक्षक सहित दो की मौके पर मौत

**इछावर।** थाना क्षेत्र के गुराड़ी गांव के पास उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान सरकारी शिक्षक हनुमत सिंह ऊईके (उम्र करीब 50 वर्ष) और उनके साथी ज्ञान सिंह (उम्र करीब 45 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों धाईखेड़ा की ओर जा रहे थे।

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के कारण यह भयानक हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही इछावर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने व हत्या का प्रकरण दर्ज करने की तैयारी कर रही है। फिलहाल आरोपी चालक फरार बताया जा रहा है। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।



### कलेक्टर ने एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण कर दिए कार्य में तेजी लाने का निर्देश

# एसआईआर प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें लापरवाही न बरती जाए : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को समयबद्ध और प्रभावी रूप से पूर्ण कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने ग्राम बिलकिसगंज, बरखेड़ी, पिपलिया मीरा, बिजलोन और खेड़ली सहित कई मतदान केंद्रों पर चल रही एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे गणना पत्रक वितरण, संकलन तथा बीएलओ ऐप पर अपलोड की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी बीएलओ से चर्चा कर प्रगति की जानकारी ली और उन्हें निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ से कहा कि एसआईआर प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए फॉर्म भरने से लेकर डिजिटलीकरण तक किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने उन क्षेत्रों में भी वास्तविक स्थिति देखी आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर अनुपास्थित बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देने के लिए कहा। उन्होंने कहा सभी बीएलओ एवं संबंधित अधिकारी समय पर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित हों और एसआईआर कार्य को प्राथमिकता दें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यह भी बताया कि जिले की एसआईआर प्रगति लगातार बेहतर हो रही है, लेकिन इसे और तेज करने की आवश्यकता है ताकि मतदाता सूची का अद्यतन कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके।

उन्होंने बीएलओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिले के कई बीएलओ अपने उत्कृष्ट कार्य के कारण राज्य स्तर पर सम्मानित हुए हैं, जो अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने निरीक्षण के दौरान स्थानीय अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि एसआईआर कार्य से संबंधित किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या, फॉर्म उपलब्धता, अपलोडिंग या सत्यापन कार्य में बीएलओ को हर संभव सहायता शीघ्रता से उपलब्ध कराई जाए, ताकि कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम स्वाति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना**

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्पर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के पाँच वर्ष पूर्ण होने के अवसर आष्टा में जिला स्तरीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर पंजाब के अमृतसर में आयोजित राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों विशेषकर युवाओं और छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराना और नशामुक्ति के लिए प्रेरित करना है। इसके साथ ही अभियान में सामुदायिक भागीदारी को बढाना और नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना है। इस अवसर पर सभी को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष हेंमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, एसडीएम नितिन टाले, उपसंचालक महेश यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, युवा उपस्थित थे।

### बीएलओ को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निर्वाचन आयोग करेगा सम्मानित

**सीहोर।** सीहोर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अभूतपूर्व कार्यकुशलता प्रदर्शित करने वाले दो बीएलओ भूरूलाल और गजराज सिंह को निर्वाचन आयोग द्वारा 19 नवंबर को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. के नेतृत्व में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम के तहत, इन बीएलओ ने घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित करने, कलेक्ट करने और उन्हें बीएलओ ऐप पर अपलोड कर डिजिटलीकरण करने के कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आष्टा विधानसभा क्षेत्र से भूरूलाल ने 95.80 प्रतिशत डिजिटलीकरण का कार्य पूर्ण किया है, जबकि गजराज सिंह ने भी इसी विधानसभा में 94.61 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर शीर्ष प्रदर्शनकर्ताओं में अपना स्थान बनाया है। इन बीएलओ ने अपनी ज़िम्मेदारियों को तेज़ी और प्रतिबद्धता के साथ निभाते हुए बहुत कम समय में अपना कार्य लगभग पूर्ण किया है और जिले में एसआईआर प्रक्रिया को गति दी है। निर्वाचन आयोग द्वारा दिया जा रहा यह सम्मान, टीमवर्क, प्रतिबद्धता और तकनीक के समन्वय से किए गए सफल कार्य का प्रमाण है।

स्मार्ट फिश मार्केट का निर्माण नहीं होने के भी लगाए आरोप, दोनों मामलों में जांच की मांग

# धनखेड़ी पंचायत में यात्री प्रतिक्षालय बेचने और तोड़ने का सरपंच व सचिव पर लगाया आरोप

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि अब उस खाली जगह पर पक्की दुकानें बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया है और ये दुकानें उन लोगों को आवंटित की जा रही हैं, जिन्होंने पहले यात्री प्रतीक्षालय खरीदा था।








हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पंचायत सीईओ को ग्राम पंचायत धनखेड़ी चांदबढ़ के सरपंच और सचिव के खिलाफ गंभीर अनियमितताओं की शिकायत मिली है। ग्राम धनखेड़ी के ग्रामवासियों द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि पंचायत पदाधिकारियों ने सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग करते हुए गांव में बने पक्के यात्री प्रतीक्षालय को अवैध रूप से किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया था। जब इस अवैध बिक्री की शिकायत 181 पर की गई तो सरपंच और सचिव ने प्रतीक्षालय, जो कि 10 वर्ष पुराना होने के बावजूद अच्छी अवस्था में था उसे 'जर्जर' बताकर तुड़वा दिया। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि अब उस खाली जगह पर पक्की दुकानें बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया है और ये दुकानें उन लोगों को आवंटित की जा रही हैं, जिन्होंने पहले यात्री प्रतीक्षालय खरीदा था। यह सीधे तौर पर चहेतों को लाभ पहुंचाने का मामला है। ग्रामीणों ने वित्तीय अनियमितताओं पर भी उंगली उठाई है। पंचायत द्वारा 20-30 वर्ष पूर्व निर्मित चार दुकानें किराए पर दी गई हैं, लेकिन शिकायत के अनुसार प्रतिवर्ष नियमानुसार 10 प्रतिशत किराया वृद्धि का कोई रिकॉर्ड ग्राम पंचायत में नहीं है। आरोप है कि किराए की पूरी राशि सरपंच और सचिव मिलकर ले रहे हैं। इसके अलावा 'स्मार्ट फिश मार्केट' की दो दुकानों के लिए आए रुपए को भी बिना कोई निर्माण कराए ही, फर्जी बिल बनाकर और मटेरियल के नाम पर निकाल लिया गया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में नाली का निर्माण बेहद घटिया तरीके से कराया गया था, जिसके अवशेष अब मौके पर नहीं मिल रहे हैं। प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम सभा का आयोजन कब होता है, कौन शामिल होता है, इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं मिलती। सरपंच और सचिव स्वयं ही बैठक करके फर्जी हस्ताक्षर करवा लेते हैं। ग्राम सचिव पिछले 5 वर्षों से पंचायत में कार्यरत हैं और वे पंचायत का काम मनमाने तरीके से करते हैं। वहीं इस मामले में पंचायत सचिव भारत सिंह गौर का कहना है कि, ग्रामीणों के द्वारा जो भी आरोप लगाए गए हैं वो गलत हैं।

**हाट बाजार स्थल**

शिकायत में बताया कि जिस जगह पर दुकानें बनाने का निर्णय लिया गया है, वह स्थान कई वर्षों से हाट बाजार और मेला लगने के लिए उपयोग होता रहा है। यदि यहां दुकानें बनती हैं तो हाट बाजार लगाकर कमाई करने वाले ग्रामीण बेरोजगार हो जाएंगे और आर्थिक रूप से परेशान होंगे। ग्रामीणों ने शिकायत आवेदन देकर जिला पंचायत सीईओ से निवेदन किया है कि इन गंभीर आरोपों के आधार पर ग्राम पंचायत धनखेड़ी चांदबढ़ के समस्त रिकॉर्ड की गहन जांच करवाई जाए। उनकी मांग है कि अनियमितताओं का पता लगाकर दोषियों को दंडित किया जाए।

# सहकारिता के क्षेत्र में नए सहकारी मॉडल से विकास

**सीहोर।** जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर तत्वाधान 72 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह 2025 के अन्तर्गत छटे दिवस पर बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित कुडी नयापुरा तहसील भैरूंदा में माननीय श्रीराम यादव पूर्व संस्था अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में सुरेश यादव पूर्व सरपंच एवं संचालक की अध्यक्षता में तथा विनोद कुमार जैन उप अंकेक्षक एवं प्रशासक, रूपसिंह बारेला सरपंच, जनार्दन शर्मा प्रबंधक के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया । मुख्य कार्यपालन अधिकारी तेजसिंह ठाकुर द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला से करते हुए कहाकि भारत का सहकारिता आन्दोलन खेती, डेयरी ऋण और हाथकरघा जैसे क्षेत्रों में हमेशा से मजबूत रहा है। इन सहकारी समितियों ने लोगों की लागत कम करने, जोखिम साझा करने और मिलकर काम करने में मदद की है। हमारा देश डिजिटल और शहरी होता जा रहा है। नये क्षेत्रों में सहकारी समितियों के माध्यम से बड़े बदलाव लाये जा सकते हैं । जैसे पर्यटन, स्वास्थ्य सेवाऐं, हरित ऊर्जा, सेवा प्लेटफार्म, परिवहन,




श्रम सेवाऐं आदि क्षेत्रों में नवीन सहकारी समितियों का गठन, युवाओं को रोजगार प्रदान कर स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हुआ है। यह नये सहकारी मॉडल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बदल सकते हैं। यह स्थिर नौकरियां पैदा करते हैं और श्रमिकों को बीमा और सामाजिक सुरक्षा जैसे लाभ प्रदान करते हैं ।

विनोद कुमार जैन प्रशासक द्वारा कहाकि सहकारिता क्षेत्र में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित किया जा सकता है। अभी तक ऋण, खाद एवं उपभोक्ता सामग्री ही प्राप्त होती थी, परन्तु हमारे देश के प्रथम सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा कृषि साख संस्थाओं को बहुउद्देशीय मॉडल बनाकर डिजिलीकरण किया गया है।

संस्थाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कई प्रकार के कार्य करने की अनुमति उपविधि में प्रदान की गई है जिससे संस्था अपने सदस्यों के हित में कई प्रकार के कार्यों को कर सकती है। साथ उद्देश्य अनुसार नवीन सहकारी समिति का गठन भी किया जा सकता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर दीवानचन्द शर्मा द्वारा उपस्थिति अतिथियों एवं सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया गया ।

# ग्राम वासियों ने प्रशासन से की अवैध शौचालय, चद्दर-घूड़ा हटवाने की मांग

**सीहोर।** पगारिया हाट में सर्वजनिक सड़क पर किए गए विशेष वर्ग के लोगों के द्वारा अतिक्रमण के कारण संप्रदायिक विवाद के हालात बने हुए है। जनसुनवाई में पहुंचकर ग्रामीणों ने सरकारी सड़क से तत्काल ईटे,चद्दर,शौचालय और घूड़ो को हटवाने की मांग की है। अतिक्रमण कर सड़क को सकरा कर दिया गया है। गांव में ट्रेक्टर ट्राली,ट्रक फायर ब्रिगेड,एंबुलेंस और बोरवेल मशीन,हार्वेस्टर जैसे वाहन आना मुश्किल हो गया है। गांव में हर रोज लड़ाई झगड़ों की स्थिति निर्मित हो रही है। सरपंच ने भी इस मामले में हाथ खड़े कर दिए है।




कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते के किनारों पर गांव के अकरम पिता पीर खां,चांद खां पिता जुम्मा खा ने सुलभ आवागमन को अवरूध कर दिया है ग्रामवासियों की आपत्ति के बावजूद शौचालय व दीवार का निर्माण सड़क पर ही कर लिया है सड़क पर चद्दर रखकर घूड़ा बनाकर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कर लिया है। पंचायत भी सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण कराना चाहती है लेकिन अतिक्रमण के कारण काम शुरू नहीं हो पा रहा है। पंचायत भी अतिक्रमणकारियों का अतिक्रमण नहीं हटवा पा रही है जिस कारण प्रति दिन ग्राम के वाहन चालकों किसानों से ईटे,चद्दर,शौचालय दीवार में वाहन लगने पर अतिकम्रणकर्ता अकरम पिता पीर खां,चांद खां पिता जुम्मा खा मारपीट कर रहे है। ग्रामवासियों के द्वारा आष्टा एसडीएम तहसीलदार को भी इस मामले में शिकायत की गई है लेकिन अधिकारी इस तरफ ध्यान देने को तैयार नही है। अतिक्रमण का खामियाजा ग्रामवासियों को हर रोज भुगतना पड़ रहा है। गांव में आगजनी, हादसा या किसी की तबीयत खराब होने पर फायर ब्रिगेड,एंबुलेंस जैसे वाहन भी नहीं आ सकते है।

सड़क को अतिक्रमूणकारियों ने काफी सकरा कर दिया है। बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान सरपंच के द्वारा भी पक्षपातपूर्ण भावना के तहत कार्य किया जा रहा है। रास्ते का अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो गांव की शांति भंग होने की प्रबल संभावना बनी हुई है। ग्रामवासियों ने हालातों से जिला पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी आष्टा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आष्टा और तहसीलदार आष्टा, थाना प्रभारी आष्टा को भी लिखित में अवगत कराते हुए सड़क पर किए गए अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में भेरूलाल, योगेंद्र जैन, सलमान खान, हेमलता, नरबत सिंह, घनश्याम, मुकेश, हिरालाल, राहुल, राजेश, दीपक, हेमराज, मुकेश, हाफिज, रामसिंह, हबीब, रामश्याम,मायाराम आदि शामिल रहे।

### श्मशान में एक साथ दिखाई देंगे बाबा शिव, शव और शरीर



**सीहोर ।** मंडी शमशान में एक साथ शिव,शव और शरीर दिखाई देंगे। शव रूपी आत्मा का परमपिता परमेश्वर शिव से मिलन होगा और हर शव भगवान शिव के समक्ष होगा। शव यात्रा में शमशान पहुंचने वाला हर शरीर धारी मनुष्य शिव शंकर की आराधना करेगा। इन्हीं परम प्रतापी आत्म कल्याण की भावना के साथ बुधवार को मंडी श्मशान घाट परिसर में भगवान शिव शंकर की आसमानी रंग की त्रिशूल चंद्रमा शेषनाग धारी भव्य प्रतिमा का अनावरण शहर के वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंडी शमशान समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर सहित पत्रकार बंधु जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक एवं गणमान्य अतिथि विशेष रूप से उपस्थित रहें। सभी ने भगवान महाकाल भोलेनाथ की विधिवत पूजा अर्चना की और आत्म कल्याण की प्रार्थना की।

# 20 कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य अमानवीय: एव्हीएफओ संघ

**सीहोर।** मध्यप्रदेश सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ, जिला सीहोर के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पशुपालन विभाग द्वारा कृत्रिम गर्भाधान के लिए तय किए गए 20 प्रतिदिन के लक्ष्य को अमानवीय और अव्यावहारिक बताया गया। संघ ने यह ज्ञापन कलेक्टर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम सौंपा।

संघ ने बताया कि विभाग ने पशुगणना के आंकड़ों के आधार पर हर एव्हीएफओ को रोज 20 कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य दिया है। यह लक्ष्य पूरा न करने पर वेतन रोकने, वेतन कटौती, वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने और निलंबन जैसी कार्रवाई की जा रही है। संघ का कहना है कि कृत्रिम गर्भाधान प्राकृतिक प्रक्रिया है। इसकी सफलता मादा पशु के ऋतुकाल में आने, पशुपालक द्वारा समय पर सूचना देने और पशु की उपलब्धता पर निर्भर करती है।

प्रारूप - 28
ई-निविदा प्रथम आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन

**नगर पालिका परिषद सीहोर**

एन.आई.टी. संख्या 8839 / ई-टेण्डरिंग दिनांक 18/11/2025

निम्नलिखित निर्माण हेतु ठेकेदार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडो को पूरा करती हो ऑनलाईन बोली आमंत्रित है।

| क्र.स./ पैकेज/कोड | आपूर्तियाँ | जिला (जिले) | संभावित राशि | अवधि (दिन) |
|---|---|---|---|---|
| 2025 _UAD_ 448265_2 | Execution of All Type Construction And Maintenance Works (CC Road, WBM Road, Drain, Culvert, BT Work, Paver Block, Repair and Maintenance Works etc.) Under Rupees One Lakh in Ward No. 05 to 08 under Municipal Council Sehore | सीहोर | 22,00,000/- | 12 माह |
| 2025 _UAD_ 448266_2 | Execution of All Type Construction And Maintenance Works (CC Road, WBM Road, Drain, Culvert, BT Work, Paver Block, Repair and Maintenance Works etc.) Under Rupees One Lakh in Ward No. 09 to 12 under Municipal Council Sehore | सीहोर | 22,00,000/- | 12 माह |
| 2025 _UAD_ 448268_2 | Execution of All Type Construction And Maintenance Works (CC Road, WBM Road, Drain, Culvert, BT Work, Paver Block, Repair and Maintenance Works etc.) Under Rupees One Lakh in Ward No. 17 to 20 under Municipal Council. Sehore | सीहोर | 22,00,000/- | 12 माह |
| 2025 _UAD_ 448270_2 | Execution of All Type Construction And Maintenance Works (CC Road, WBM Road, Drain, Culvert, BT Work, Paver Block, Repair and Maintenance Works etc.) Under Rupees One Lakh in Ward No. 21 to 24 under Municipal Council. Sehore | सीहोर | 22,00,000/- | 12 माह |
| 2025 _UAD_ 448287_2 | Execution of All Type Construction And Maintenance Works (CC Road, WBM Road, Drain, Culvert, BT Work, Paver Block, Repair and Maintenance Works etc.) Under Rupees One Lakh in Ward No. 29 to 32 under Municipal Council. Sehore | सीहोर | 22,00,000/- | 12 माह |

1. इच्छुक बोलीदाता वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर NIT देख सकते है।
2. बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 19.11.2025 प्रातः 11.00 से 03/12/2025 सांय 17.30 तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।
3. NIT में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
4. इसके अतिरिक्त किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री विजय कोली सहायक यंत्री नगर पालिका परिषद् सीहोर से संपर्क करें । संपर्क -मो. नम्बर 9340307554

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीहोर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में विशेष जागरुकता कार्यक्रम

# वैवाहिक मुहूर्त संग बहू का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने निकाले मुर्हूतः सारिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

अब वैवाहिक मुहुर्त आरंभ होने जा रहे है और इस दौरान आपके घर में बहू के गृह प्रवेश संस्कार के बाद अब आ रही है बारी , आपके परिवार के साथ अपना लोकतांत्रिक अधिकार को पाने की , ताकि अब नये घर के लिये जनप्रतिनिधि चुनने में उसका भी योगदान हो । इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग की स्वीप आईकॉन सारिका ने नवबधुओं के लिये विशेष




जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता नाम स्थानांतरण की प्रक्रिया की जानकारी दी ।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन मे आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सारिका ने बताया कि अगर शादी के पहले अगर लड़की का नाम मायके की मतदाता सूची मे था तो बीएलओ फार्म 8 की मदद से मतदाता शिफ्टिंग के अंतर्गत बहु का नाम अब विवाह बाद के नये पते पर स्थानांतरित करेंगे । वहीं दूसरी ओर फॉर्म-6 नए मतदाताओं के लिए होता है जो पहली बार पंजीकरण कर रहे हैं। इस प्रक्रिया को समझाने सारिका वैवाहिक बन्नी लोकगीत गाकर मतदाताओं को जागरूक कर रही है। सारिका ने कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि शादी के बाद उनका नाम पुरानी जगह से हटाकर ससुराल की मतदाता सूची में सही ढंग से जोड़ दिया जाए, ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। तो तैयार हो जाईये बहू को अब आपके परिवार के साथ लोकतंत्र का अधिकार पाने के लिये मतदाता सूची में नाम स्थानांतरित करवाने के लिये या नाम जुड़वाने के लिये ।


आरोप - प्रशासन लगातार कर रहा प्रोटोकॉल की अवहेलना


# आमंत्रण-पत्र में नहीं था नाम, जिपं अध्यक्ष ने 181 पर की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

प्रशासनिक कार्यक्रमों में राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया की लगातार अवहेलना की जा रही है। शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम जिले के विभिन्न प्रशासनिक कार्यक्रमों जैसे भूमिपूजन, शिलान्यास इत्यादि के लिए छपवाए गए आमंत्रण-पत्रों पर उनका नाम अंकित होना चाहिए लेकिन अधिकतर मामलों में ऐसा नहीं किया जा रहा है।

17 नवंबर को जनपद ब्यावरा में नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन करवाया गया था। इस संबंध में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग (आरईएस) द्वारा जो आमंत्रण पत्र छपवाए गए उनमें मत्स्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष राधा जगदीश गुर्जर के नाम तो प्रकाशित करवाए गए लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष के नाम का कोई उल्लेख नहीं किया गया। प्रशासनिक कार्यक्रमों में अपनी लगातार अनदेखी से आहत जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सौंधिया


भूमि पूजन / शुभारम्भ
!! आमंत्रण पत्र !!
मान्यवर श्रीमान/श्रीमती
मुख्य अतिथि – मा.श्री नारायणसिंह जी पंवार
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) म.प्र.शासन भोपाल
अध्यक्षता – मा.श्रीमति राधा जगदीश जी गुर्जर
अध्यक्ष, जनपद पंचायत ब्यावरा
के कर कमलों द्वारा भूमि पूजन / शुभारम्भ कार्यक्रम सम्पन्न होगा।
दिनांक 17 नवम्बर 2025, दिन सोमवार
समय : दोपहर 1 बजे
स्थान : नवीन न्यायालय भवन परिसर के पास, मोहनीपुरा ब्यावरा
निवेदक : कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा राजगढ़



| | |
|---|---|
| शिकायत क्रमांक : | 35390197 दिनांक - 17-11-2025 |
| विभाग का नाम : | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग |
| उप-विभाग का नाम : | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आर. ई. एस.) |
| शिकायत कर्ता का नाम : | दुल्ट चन्द्र सिंह |
| पता : | ग्राम पंचायत-अमरिया, ब्लॉक-ब्यावरा, जिला-राजगढ़ |
| फ़ोन नंबर : | XXXXXXX101, XXXXXXX101 |
| जिला : | राजगढ़ |
| क्षेत्र : | क्षेत्र/ब्लॉक : ब्यावरा |
| शिकायत का प्रारूप : | किये गए कार्य का भुगतान / परिव्यय व्यय प्राप्त न होने संबंधी (ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं) |
| शिकायत का विवरण : | शिकायतकर्ता चंदर सिंह सौंधिया जी द्वारा बताया गया कि जनपद के कार्यालय ब्यावरा में जो भवन के लिए भूमि पूजन के लिए आर ई एस विभाग द्वारा जो कार्ड छापे गये थे उसमे जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम नही लिखा गया है इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया है जबकि जनपद अध्यक्ष का नाम लिखा गया है निवेदन है जाँच कर कार्यवाही की जाए कृपया समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए \|जिला राजगढ़ |
| शिकायत की स्थिति : | शिकायत निराकरण अधिकारी (ऐल1) से संपर्क कर शिकायत दे दी गयी है ,प्रगति विवरण अपेक्षित है |

ने इस बात की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (181) पर करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### शिकायत में यह किया गया उल्लेख

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-181 पर की गई शिकायत में उल्लेख है कि आरईएस द्वारा प्रकाशित करवाए गए कार्ड में जिपं अध्यक्ष का नाम नहीं लिखा गया है जो सीधे-सीधे प्रोटोकॉल का उल्लंघन है, जबकि जनपद अध्यक्ष का नाम कार्ड में छपवाया गया है। ऐसे में पूरे मामले की जांच करवाकर समस्या का निराकरण करवाने की मांग चंदर सौंधिया ने मुख्यमंत्री से की है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व में भी हुए कुछ प्रशासनिक कार्यक्रमों में जिपं अध्यक्ष की अनदेखी सामने आ चुकी है। नवीन जिला चिकित्सालय के लोकार्पण के समय भी इसी तरह का मामला काफी सुर्खियों में रहा था।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में हुआ था उलटा

उक्त मामले के ठीक उलट पिछले दिनों जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ब्यावरा में किसानों को मुआवजा राशि वितरण सहित अन्य कार्यक्रमों हेतु आए थे, उस आयोजन के लिए छपवाए गए कार्ड में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सौंधिया का नाम प्रकाशित किया था। लेकिन, बाकायदा आमंत्रित करने के बाद ब्यावरा पुलिस ने सीएम के कार्यक्रम की अवधि तक उन्हें नजर बंद कर दिया था।

### इनका कहना है...

ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है जब प्रशासनिक कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा मुझे प्राप्त अधिकारों के संबंध में निर्धारित प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया जा रहा है। पीआईयू, पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों के कार्यक्रमों में भी इस तरह की लापरवाहियां देखने मिल चुकी हैं।

**चंदर सिंह सौंधिया**
अध्यक्ष, जिला पंचायत, राजगढ़

किसानों के खेत व कॉलोनियों में जाने का रास्ता हुआ बंद

# शासकीय आम रास्ते पर दबंगों ने किया कब्जा!

### अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने 2021 में दिया है यथास्थिति बनाए रखने हेतु स्थगन आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सुठालिया रोड गवली धर्मशाला के बाजू से शासकीय आम रास्ते पर रजिस्ट्री कर प्लॉट बनाने का मामला सामने आया है। गौरतलब है कि इस आम रास्ते से लगी हुई 6-7 लोगों की कृषि भूमि पर आने जाने बेलगाड़ी कृषि यंत्रों के आने जाने का रास्ता भी है, जो नाले एवं शासकीय बेबट रास्ता है। पीछे कृषि भूमि पर जाने के अलावा यहां से लगी हुई रहवासी कॉलोनी में आने जाने का यही आम एवं स्थाई रास्ता है। अब प्रश्न उठता है की नाले में शासकीय भूमि पर किसी के प्लॉट की रजिस्ट्री कैसे की जा सकती है।



### इनका कहना है

हमने पटवारी से इसकी बस्तुसिथिती की जानकारी के बारे में रिपोर्ट के बारे में कहा है। जैसे ही जानकारी आ जाएगी उसी के हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**गोविंद दुबे, एसडीएम ब्यावरा**

## मतदाता सूची के सत्यापन के लिए बीएलओ कर रहे घर-घर सर्वे

**खिलचीपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार खिलचीपुर नगर में वार्ड एक से पन्द्रह वार्डों में अलग अलग बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं और गणना प्रपत्र भरकर प्राप्ति दी जा रही है। अभियान के दौरान वार्ड नंबर 07 बीएलओ आलोक शर्मा, वार्ड प्रभारी दीपक शर्मा, एवं वार्ड नंबर 9 में बीएलओ राजेन्द्र सोनी वार्ड प्रभारी कन्हैया लाल मेवाड़े द्वारा एस आई आर सर्वे कर मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने का कार्य किया जा रहा हैं। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना है ताकि कोई भी नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। नागरिकों से परिवार के सभी योग्य सदस्यों का विवरण सत्यापित कर सहयोग करने की अपील की गई है। एस आई आर के मुताबिक मतदाता को सन 2003 की मतदाता सूची से उनके माता-पिता या दादा दादी के नाम से सत्यापन करना होगा। मतदाता का स्थान परिवर्तन होने की दशा में पूर्ववत मतदान केन्द्र क्रमांक, मतदाता सूची का सरल क्रमांक और मतदाता सूची की भाग संख्या एसआईआर के दौरान गणना पत्रक में दर्शाना होगी। उल्लेखनीय है कि इस तरह मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 22 साल पहले सन 2003 में किया गया था। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर इन दिनों बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम नवम्बर 2025 में किया जा रहा है।

# बुधनी नगर परिषद ने संभाली रेहटी की स्वच्छता व्यवस्था



**बुधनी।** स्वच्छ सुपर लीग के तहत बुधनी नगर परिषद ने रेहटी की स्वच्छता की जिम्मेदारी संभालते हुए 18 नवंबर को समीक्षा बैठक आयोजित की। यह बैठक रेहटी नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय और अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल के निर्देशानुसार आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य रेहटी में मौजूदा स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करना और आगामी रणनीति तैयार करना था बैठक में बुधनी नगर परिषद के सीएमओ संतोष रघुवंशी ने रेहटी में चल रहे स्वच्छता कार्यों का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीक, उचित प्रबंधन और जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है रघुवंशी ने अधिकारियों को स्वच्छता कार्यों में तेजी लाने तथा नागरिकों को अभियान से जोड़ने के निर्देश भी दिए। सहयोगी संस्था फीडबैक फाउंडेशन ने कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कलेक्शन, कचरे का पृथक्करण और वैज्ञानिक निपटान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुति दी संस्था ने बताया कि उचित प्रक्रिया अपनाने से स्वच्छता व्यवस्था में बड़े सुधार संभव हैं। बैठक में रेहटी के सीएमओ राजेंद्र यादव,सब इंजीनियर रितेश यादव,बुधनी नगर परिषद के सहायक स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित दोनों नगर परिषदों के कई अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से यह संकल्प लिया कि रेहटी नगर को स्वच्छता रैंकिंग में आगे लाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे अंत में यह निर्णय लिया गया कि दोनों नगर परिषदों की टीम नियमित समीक्षा करेंगी।

## कट्टे से गोली मारकर लूट करने वाले आरोपियों को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

विगत दिवस 16 नवंबर की रात फरियादी रोहित खाती पिता हरिचरण खाती निवासी ग्राम कुरावर के साथ भोपाल रोड स्थित पंचर दुकान पर हुई लूट व गोलीकांड के आरोपी दया शंकर पंडित व उसके साथियों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से 80 हजार भी जप्त किए। बताया जा रहा है कि फरियादी से प्रॉपर्टी के काम में कमीशन मांगा गया था जिसका फरियादी द्वारा इनकार करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, कट्टे से गोली चलाई तथा फरियादी की जेब में रखे एक लाख लूटकर फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 408/25 धारा 109(1), 311, 309(4), 296(बी) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। घटना के बाद पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं सतत प्रयास से 18 नवंबर को 4 आरोपी गिरफ्तार कर लिए वहीं अभी एक आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपित दया शंकर उर्फ दया पंडित पिता सोहनलाल शर्मा, निवासी ग्राम बिरगढ़ी, हाल निवासी कुरावर, सुनील पिता गोरेलाल वर्मा निवासी पीलूखेड़ी, दीपक पिता सोहनलाल शर्मा निवासी ग्राम बिरगढ़ी, थाना कुरावर, चेतन चौहान पिता भगवान सिंह निवासी पीलूखेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 02 देशी कट्टे, 01 बंदूक (315 बोर), 02 जिंदा कारतूस, स्कॉर्पियो वाहन तथा 80,000 रुपए नकद बरामद किए।

कांग्रेस ने बूथ एजेंट्स को दिया प्रशिक्षण

# मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़, भाजपा के वोट कम करने के अभियान का देंगे जवाब : पूर्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

कांग्रेस पार्टी ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को ब्लॉक स्तर पर बीएलए-2 प्रशिक्षण एवं कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया।

बैठक में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अभियान को सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ होती है। उन्होंने प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहते हुए घर-घर संपर्क अभियान को तेज करने की अपील की। खींची ने कहा कि यह अभियान संगठन को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस आगामी एक सप्ताह के भीतर 20 नए ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा भी करेगी। बैठक में कार्यकर्ताओं ने आगामी चरणों की कार्ययोजना तय करते हुए अभियान को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया।



### भाजपा के वोट कम करने के अभियान का जवाब देने की तैयारी : खींची

दोपहर में आशा भवन स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण शिविर में प्रियव्रत सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण भाजपा द्वारा कांग्रेस के वोट कम करने के कथित अभियान का मुकाबला करने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर अभियान का दुरुपयोग कर कांग्रेस समर्थकों के नाम हटाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके जवाब में कांग्रेस ने सभी वार्डों और ग्रामों में बूथ एजेंट तैयार कर दिए हैं।

### शहरी मतदाताओं को सबसे ज्यादा परेशानी

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष खींची ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची से नाम मिलाने में सबसे अधिक दिक्कत आ रही है। 23 साल में कई बार परिसीमन, बूथ परिवर्तन और लोगों के घर बदलने के कारण पुरानी सूची में नाम खोजना कठिन हो गया है। उन्होंने बताया कि बीएलओ को मृत, अनुपस्थित और विस्थापित मतदाताओं का डेटा एप पर अपलोड करना होता है, लेकिन वेबसाइट और एप की धीमी गति के कारण कार्य में देरी हो रही है।

पुलिस पर आरोप लगाते हुए एसपी ऑफिस पहुंचे प्रजापति समाजजन

# भोजपुर, सुठालिया व कालीपीठ टीआई को सस्पेंड करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पिछले दिनों जिले के कालीपीठ, सुठालिया और भोजपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत प्रजापति समाज के व्यक्ति की हत्या, आत्महत्या, समाज की युवती को उसके प्रेमी के साथ विदा करने जैसे मामले सामने आए थे। इन तीनों मामलों में संबंधित थानाक्षेत्रों की पुलिस के सुस्त रवैये और लापरवाहियों का आरोप लगाते हुए समाज के अनेकों लोग मंगलवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने उक्त तीनों थानों के टीआई को सस्पेंड करने की मांग रखी है।




समाज के प्रदेशाध्यक्ष आरएस कुंभकार, जिलाध्यक्ष दिनेश प्रजापति के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में एसपी ऑफिस पहुंचे समाजजनों ने एडिशनल एसपी केएल बंजारे को सौंपे गए ज्ञापन में तीनों घटनाओं में पुलिस द्वारा बरती गई लापरवाही का उल्लेख किया। आरोप लगाया गया कि पुलिस आरोपियों को बचाने के प्रयासों में लगी है। हालांकि, बंजारे ने सभी को आश्वस्त किया कि सभी मामलों की जांच करवाई जा रही है।

### ये हुए हैं 3 मामले

सुठालिया थानाक्षेत्र के ग्राम मानकी में मई-2025 में हुई घटना में अपराधियों को बचाने के आरोप लगाए गए हैं। इसी तरह कालीपीठ थाने के लसुड़ली लोधा गांव में एक युवती को उसके माता-पिता और पति की मर्जी के खिलाफ प्रेमी के साथ विदा करने के मामले में उचित कार्यवाही की मांग समाजजनों द्वारा की गई। तीसरे मामला भोजपुर थानाक्षेत्र का है जहां चाटुखेड़ा निवासी राधेश्याम प्रजापति की कतिथ हत्या के मामले में त्वरित जांच की मांग समाजजनों द्वारा रखी गई है। तीन दिवस में उचित कार्यवाही न होने पर समाजजनों ने पुलिस के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

### जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**सारंगपुर।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया की अध्यक्षता में 1 नवंबर को प्रारंभ हुई जो 15 नवंबर तक चले। इस दौरान निबंध ,भाषण, चित्रकला, क्विज, नाटक का मंचन, व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ. दीपिका जोशी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र एवं उनके प्रकृति के लिए योगदान पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर प्रीतम गुणावा द्वारा आभार व्यक्त किया।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर बीएलओ व मावि शिक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इन दिनों में जिले में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य सर्वोच्य प्राथमिकता के साथ चल रहा है। लेकिन, कुछ बीएलओ व अन्य कर्मचारी निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में भी लापरवाहियां बरत रहे हैं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा के संज्ञान में यह आने पर उन्होंने खुजनेर के एक बीएलओ एवं धनवासकलां में बीएलओ के सहायक माध्यमिक शिक्षक को सस्पेंड करने की कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार खुजनेर में बीएलओ बनाए गए प्राविं शिक्षक मांगीलाल राठौर द्वारा अभी तक सिर्फ चार ही मतदाताओं से फार्म रिसीव किए गए। कलेक्टर को मालूम होने पर उन्होंने पटवारी को वस्तुस्थिति जानने मौके पर भेजा तो बीएलओ राठौर ने उन्हें भी भ्रामक जानकारी दी। इस लापरवाही पर कलेक्टर ने बीएलओ राठौर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय राजगढ़ एसडीएम कार्यालय नियत किया गया है।

### बीएलओ के सहायक मावि शिक्षक को किया सस्पेंड

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-162 के मतदान केन्द्र क्रमांक-114 धनवासकला में बीएलओ के सहायक के रूप में माध्यमिक शिक्षक कमलेश बैरागी को नियुक्त किया गया था। बैरागी बगैर अधिकारियों को बताए एवं पूर्व अनुमति के अवकाश पर चले गए। इस पर एसडीएम द्वारा निवार्चन कार्य में लापरवाही, उदासीनता एवं आदेश की अवहेलना करने के चलते उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की गई। उक्त के परिपालन में कलेक्टर ने धनवास कलां के माध्यमिक शिक्षक कमलेश बैरागी को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की है।

10 दिवसीय शिविर में दिव्यांगों को सिखाए कई रोजगार मूलक कार्य

# कौशल प्रशिक्षण प्राप्त दिव्यांगों से जिपं सीईओ ने खरीदे पेपर बैग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आजीविका मिशन एवं ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा जिले के दिव्यांगों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में रोजगार मूलक कार्यों संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गत 8 नवंबर से 18 नवंबर तक के बीच हुए इस प्रशिक्षण के दौरान 28 दिव्यांगजनों को पेपर बैग, फाइल, लिफाफे, फोल्डर निर्माण इत्यादि काम सिखाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर पहुंचे जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपने यहां से जो सीखा है उस कौशल का उपयोग स्वयं का रोजगार स्थापित करने में करें। गढ़पाले ने दिव्यांगजनों के प्रोत्साहन हेतु अन्य प्रेरणास्पद बातें भी साझा की। इस अवसर पर उपस्थित आजीविका मिशन के जिला परियोजना अधिकारी संदीप सोनी, जिला प्रबंधक कौशल अमित रावत ने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सरकारी योजनाओं के माध्यम से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### विभिन्न कार्यों में प्रशिक्षण हेतु प्रतिबद्ध रहेगा आरसेटी

आरसेटी निदेशक अनिमेष मालवीय ने प्रशिक्षण की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान आगे भी इसी तरह समाज के वंचित वर्ग एवं इच्छुकों हेतु विभिन्न कार्यों में कुशल बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। प्रशिक्षण में आरसेटी सदस्यों देवराज सिंह, बालमुकुंद जाटव, देवराज दांगी सहित अन्य की विशेष भूमिका रही।

पटना गांव में आयोजित की गई चौपाल, ग्रामीणों से सीधे किया

# कुरीतियों से मुक्त समाज के लिए गांव में चौपाल लगाकर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में व्याप्त बाल-विवाह, बाल-सगाई, नातरा-झगड़ा, महिला अपराधों सहित अन्य कुरीतियों के उन्मूलन हेतु प्रशासन एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा लगातार प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा मंगलवार को पटना गांव में चौपाल आयोजित कर सामाजिक कुरीतियों पर व्यापक संवाद किया गया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और किशोरी बालिकाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि गांव बदलाव की राह पर आगे बढ़ना चाहता है। चौपाल की शुरुआत इस विचार के साथ हुई कि कुरीतियां समाज के लिए नासूर हैं, इन्हें मन से मिटाना ही सुरक्षित और प्रगतिशील समाज की नींव है। अहिंसा टीम ने बताया कि वर्षों से चली आ रही कुप्रथाएं बच्चों का बचपन, उनकी शिक्षा और उनका भविष्य छीन लेती हैं। बाल विवाह और बाल सगाई जहां कानूनी अपराध हैं, वहीं झगड़ा-नातरा जैसी परंपराएं कई बार सामाजिक तनाव, हिंसा और परिवारों के टूटने का कारण भी बनती हैं। चौपाल में जब किशोरी बालिकाओं, महिलाओं से संवाद हुआ तो उनकी बातों ने सबको गंभीर कर दिया। बालिकाओं ने एक स्वर में कहा, हम असमानता, खराब स्वास्थ्य, असुरक्षा, उपेक्षा, शिक्षा से दूरी, मानसिक दबाव, कुपोषण, बाल विवाह कतई नहीं चाहते। हम समानता, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, सुरक्षा, पहचान, अच्छी एवं सुलभ शिक्षा की अपेक्ष पुरुष प्रधान समाज से करते हैं।



### गांव को कुरीतियों से मुक्त बनाने का संकल्प

चौपाल के अंत में सभीजनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि पटना गांव को कुरीतियों से मुक्त, सुरक्षित, शिक्षित और अधिकार समझ वाला गांव बनाया जाएगा। यह भी तय किया गया कि जागरूकता, शिक्षा और सामुहिक प्रयासों के माध्यम से बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को जड़ से खत्म किया जाएगा। इस संवाद कार्यक्रम में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम, महिला समूह, युवा साथी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार ने बीएलओ का किया सम्मान



**आष्टा।** निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 1 बीसूखेड़ी के बूथ लेवल ऑफिसर भूरूलाल गहरवाल प्राथमिक शिक्षक द्वारा कुल 810 मतदाताओं में से 594 मतदाताओं (73.33 प्रतिशत) के बीएलओ ऐप पर गणना पत्रक ऑनलाइन भर कर उल्लेखनीय कार्य करने से तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जावर ओमप्रकाश चोरमा द्वारा पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया।
तहसीलदार द्वारा निरीक्षण के दौरान बीएलओ के अच्छे कार्य को प्रोत्साहित करते हुए अन्य बीएलओ को भी कार्य से प्रेरित हो कर शीघ्र कार्य पूर्ण करने का संदेश दिया।

### इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित

**सीहोर।** कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में इंदिरा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीमती इंदिरागांधी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया एवं उनके बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।
इस अवसर पर राजीव गुजराती ने श्रीमती इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र की अखंडता, गौरव और प्रगति को सर्वोच्च मानने वाली इंदिरा जी ने अपने अटल निर्णयों, तेजस्वी नेतृत्व और साहसिक नीतियों से भारत को मजबूत, सक्षम और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली राष्ट्र बनाने का कार्य किया, उनकी दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रसेवा की भावना आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, अदम्य पराक्रम और लौह-इच्छाशक्ति की जीवंत मिसाल इंदिरा गांधी जी की जयंती पर पर उनको सत सत नमन। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम वर्मा, प्रीतम चौरसिया आदि उपस्थित थे।

#### नगर के कम्युनिटी हाल में संपन्न हुआ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

# देर रात तक होती रही काव्य वर्षा, कवियों के साथ शायरों ने जमकर लूटी वाह-वाही

हास्य ,वीर, श्रृंगार आदि विधाओं से आमंत्रित रचनाकारों ने सजाया काव्य मंच। घनश्याम जांगड़ा मित्र मण्डल ने किया अखिल भारतीय कवि सम्मैलन का आयोजन।




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के स्थानीय न्यू बस स्टेण्ड नगर पालिका कार्यालय के सामने कम्युनिटी हाल परिसर में नगर के वरिष्ठ युवा नेता घनश्याम जांगड़ा मित्रमण्डल द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मैलन का आयोजन शैलेंद्र पटेल पूर्व विधायक ईछावर के मुख्य आतिथ्य तथा राजीव गुजराती जिलाध्यक्ष कांग्रेस की अध्यक्षता व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर,जनपद सदस्य, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस गुलाब बाई ठाकुर, महेश मुंदी खेडी ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस आदि के विशेष आतिथ्य में किया गया कवि सम्मैलन के पूर्व आगंतुक अतिथियो द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात आगंतुक अतिथियो का साफा बांधकर पुष्पमालाऐं पहनाकर प्रतिक चिन्ह भेट करते हुऐं स्वागत सम्मान किया वहीं देश प्रदेश के दुर दुर से पधारे एवं स्थानीय ख्यातिनाम काव्य मंचासीन कवियों और शायराओं का पुष्पमालाऐं पहनाकर प्रतिक चिन्ह भेट करते हु आयोजक फैज उद्दीन, तौसीफ बाबा, राजकुमार मालवीय पार्षद, शानू अली, नफीस शाह द्वारा स्वागत सम्मान किया।

स्वागत बैला के पश्चात अखिल भारतीय कवि सम्मैलन के मंच से काव्य रचनाकारों द्वारा उपस्थित आमजन के बीच धुंआधार काव्य वर्षा कि गयी जिसमें स्वयं श्रीवास्तव वाह क्या बात है के टी.वी. फेम ने अंतिम कवि के रुप में अपनी काव्य रचनाओं से कवि सम्मैलन को ऊंचाईयों प्रदान कर वहीं दाद बटोरी और जमकर वाहवाही लुटी। वहीं अन्य मंचासीन कवियों, शायरो ने भी अपनी कविताओं, नज्म, गीत] गजल आदि सुनाकर वाहवाही लुटी और दाद बटोरी। सर्द हवाओ के बीच श्रोतागण गर्म रचनाओं कि तपन से देर रात तक कवि सम्मैलन का आनंद लेते रहै। कवि सम्मैलन में मुख्य रुप से प्रख्यात गीतकार स्वयं श्रीवास्तव, झांसी से जाने-माने शायर जब्बार सारिक, भोपाल (म.प्र.) से गीत-ग़ज़ल की कवियत्री नम्रता श्रीवास्तव, देवास से प्रख्यात हास्य कवि मकसूद शाह, भोपाल से हास्य कवि दिनेश भोपाली, हरदा से कवियत्री ज्योति जलज, तथा आष्टा शहर के मशहूर शायर जावेद अली, अकबर सिद्दीकी और प्रसिद्ध कवि शैलेश शर्मा ने अपनी चित परिचित अंदाज में काव्य पाठ किया और काव्य प्रेमियों का दिल जीत लिया वहीं खुब दाद बटोरी और वाहवाही लुटी कार्यक्रम का सफल संचालन नागपुर (महाराष्ट्र) से पधारे प्रसिद्ध कवि इमरान फ़ैज़ द्वारा किया गया इस अवसर पर अनेक काव्य प्रेमी उपस्थित रहै। जिसमें प्रमुख रूप से जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, प्रदीप प्रगति, खालिद पठान, नरेंद्र कुशवाह,जाहिद गुड्डू अमित पटेल, सूरज सिंह पटेल, द्वारका सोनी, सुनील कटारी, मनीष मेवाड़ा, संदीप ठाकुर, आशिक मंसूरी, राहुल पटेल, राजेंद्र वर्मा, हरेंद्र ठाकुर, महेश परमार, अखिलेश राजपूत, देवराज मालवीय, पवन हलवान, अखिलेश पंड्या, राजा मालवीय, अमरीश नायक सहित काव्य प्रेमी उपस्थित रहे।

## नौकरी से हटाए गए 85 अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने शुरू की हड़ताल

#### अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मंगलवार को नगर पालिका के सामने हटाए गए अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। बता दें कि नगर पालिका में ठेके पर रखे गए 85 सफाई कर्मचारियों को अचानक हटाने को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पहले दिन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए नपा अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें बिना किसी सूचना के हटाया गया है।

नौकरी से हटाने के साथ ही उनका करीब दो साल का पीएफ भी नहीं दिया गया है। पीएफ को लेकर कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि नपा में अधिकारियों की मनमानी चल रही है। वे मनमर्जी से अपने हिसाब से कर्मचारियों को रखते और हटाते हैं। ऐसा ही उनके साथ हुआ है। अभी सफाई में लगे कर्मी भी बनेंगे हड़ताल का हिस्सा सफाई कर्मचारियों ने बताया कि उनके साथ भेदभाव किया गया है। अभी वे हड़ताल पर बैठे हैं, लेकिन आगामी दिनों में जो सफाई कर्मचारी काम कर रहे हैं, वे भी इस हड़ताल का हिस्सा बनेंगे। यदि ऐसा हुआ तो शहर में साफ-सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है और गंदगी के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि शहर के 18 वार्डों को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी इन्हीं सफाई कर्मचारियों की है इसके चलते नगर में सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में दिशा बोध शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्या भारती मध्य भारत प्रांत की योजना के अनुसार कक्षा नवमी एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए दिशा बोध शिविर का आयोजन दिनांक 18 नवंबर से किया जा रहा है। इस शिविर में प्रथम दिवस पर देव बड़ला के नेवज नदी उद्गम स्थान पर श्री राम मंदिर पर प्रथम सत्र में खेल शारीरिक करवाया गया। इसके बाद द्वितीय सत्र में भैया बहनों द्वारा श्रम साधना करवाई गई।

इसके पश्चात भैया बहनों को सामूहिक भोजन करवाया गया। तृतीय सत्र में स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के व्यवस्थापक बाबूलाल पटेल द्वारा भैया बहनों को भारत के इतिहास की जानकारी दी गई। जिसमें अतिथि ने अपने उद्बोधन में पुण्य भुमी भारत विंध्याचल पर्वत एवं सतपुड़ा पर्वत की श्रेणियां की जानकारी देते हुए अपने भारत देश की गौरव गाथा का वर्णन किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य हरपाल सिंह सोलंकी ने भैया बहनों को अनुशासन और सामाजिक कार्य करने के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य मानसिंह ठाकुर, ममता शर्मा, मोना ठाकुर उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय के आचार्य सोबाल सिंह ठाकुर ने अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया।

## आलमी तब्लीगी इज्तिमा से लौटे लोगों की खिदमत करने में जुट गई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भोपाल में हुए 78वें आलमी तब्लीगी इज्तिमा से लौटे मुस्लिम समाज के लोगों की आष्टा में खिदमत की गई। सुबह से देर रात तक नौजवान कमेटी के सदस्य सेवा में लगे रहे। सुभाष ग्राउंड पर भोजन की व्यवस्था की गई थी। यह व्यवस्था पिछले 8 वर्षों से की जा रही है। भोपाल नाके से लेकर पुराने बस स्टैंड तक कमेटी के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सभी ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। शहर में आने वाले हर व्यक्ति की सेवा की गई।दोपहर से रात तक भोजन कराया गया। पुराने बस स्टैंड पर देर रात तक भीड़ बनी रही। यहां मेले जैसा माहौल रहा।जूते-चप्पल, मिठाई, स्वेटर और गर्म कपड़ों की दुकानें लगीं। बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की। भोपाल में 600 एकड़ में फैले आयोजन में देशभर से लोग शामिल हुए थे। चार दिन तक चला यह इज्तिमा सोमवार को समाप्त हुआ। समापन के बाद सभी अपने-अपने शहर लौटे। आष्टा में हर साल की तरह इस बार भी लौटने वालों की खिदमत की गई।

# सांसद बोले-पटेल ने देश की अखंडता-एकता को मजबूत किया

#### नगर में निकली एकता पदयात्रा, युवाओं को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एक विशाल 'यूनिटी मार्च' एकता पदयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सांसद ने उपस्थित नागरिकों और विद्यार्थियों को देश की एकता-अखंडता बनाए रखने तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

### बुधवारा और गल चौराहा होते हुए मानस भवन पहुंची यात्रा

यह एकता पदयात्रा नगर के सांदीपनी विद्यालय, कन्नौद रोड से शुरू हुई। यात्रा नया बस स्टैंड, अस्पताल चौराहा, परदेशीपुरा, बुधवारा और गल चौराहा होते हुए मानस भवन पहुंची, जहां समापन कार्यक्रम आयोजित किया। मानस भवन में समापन कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। सांसद महेंद्र सोलंकी, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर और जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा सहित सभी मंचासीन अतिथियों ने माल्यार्पण किया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत-सम्मान भी किया गया।

### सरदार पटेल ने देश को मजबूत बनाने रियासतें विलय कराईं

यूनिटी मार्च को संबोधित करते हुए सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी ने कहा कि आजादी के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए 500 से अधिक रियासतों का आजाद भारत में विलय कराया। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को मजबूत किया। सांसद सोलंकी ने आगे कहा कि जब भारत एक हो गया और उसकी एकता-अखंडता मजबूत हो गई, तब इसकी सुरक्षा पर विचार-विमर्श शुरू हुआ।

उन्होंने बताया कि सरदार पटेल के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के सपने को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है, जो देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। सांसद ने बताया कि आष्टा सहित पूरे देश में ऐसी एकता यात्राएं निकाली जा रही हैं, जो एकता और अखंडता का संदेश देती हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, एकता की भावना को मजबूत करना और सरदार पटेल के 'एक भारत, अखंड भारत' के अटूट विश्वास को आगे बढ़ाना है।

## शिक्षक को भोपाल में किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के चलाए जा रहे विशेष ग्रहण पुनरीक्षण कार्य में विधानसभा क्षेत्र 157 आष्टा के मतदान केंद्र क्रमांक एक बिसुखेड़ी के बूथ लेवल ऑफिसर भूरूलाल गहरवाल प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय बिसुखेड़ी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करते हुए कुल 810 मतदाताओं में से 794 मतदाताओं के गणना प्रपत्र बीएलओ एप पर ऑनलाइन भरकर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

गहरवाल की इस उपलब्धि पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा द्वारा भोपाल में सम्मानित किया गया। श्री गहरवाल को समय-समय पर तहसीलदार जावर एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओम प्रकाश चोरमा, बीएलओ सुपरवाइजर राजेंद्र बरेठा द्वारा समय समय मार्गदर्शन दिया गया।

जिसके फलस्वरूप गहरवाल द्वारा ये उपलब्धि हासिल की। श्री गहरवाल की यह उपलब्धि जावर तहसील ही नहीं पूरे सीहोर जिले के सभी बीएलओ के लिए प्रेरणा का काम करेगी। इससे सभी बीएलओ समय सीमा में उक्त कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के लिए प्रेरित होंगे। गहरवाल के सम्मानित होने पर अनुविभागीय अधिकारी आष्टा एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नितिन कुमार टाले, तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंह सिंगला सहित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा उन्हें बधाई दी गई।

#### आर्यिका ओमश्री का ससंघ मंगल आगमन, समाजजनों ने किया स्वागत

# चक्रवर्ती का अहंकार भी गलित हो जाता है: प्रवर सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



परम पूज्य आचार्यश्री विभव सागर जी मुनिराज की सुयोग्य शिष्या आर्यिकारत्न श्रमणीश्री ओमश्री माता जी ससंघ 5 पिच्छिका का मंगल नगर आगमन मंगलवार को हुआ। इंदौर नाके से समाजजन एक जुलूस के रूप में ढोल - ढमाके के साथ श्री चंद प्रभ मंदिर अरिहंतपुरम पहुंचे और वहां से पार्वती पुल होते हुए पुरानी सब्जी मंडी से किला मंदिर पहुंचे। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कहां कि जब भव्य आत्माओं की ओर हमारी दृष्टि जाती है, तो ऐसा प्रतीत होता है कि जिनके हृदय में केवलज्ञान रूपी कमल विकसित हो चुका है, वे ही अनंत सुख का अनुभव कर रहे हैं। इसलिए मोक्ष का पुरुषार्थ निरंतर करते रहना चाहिए।अनंत सुख का अनुभव केवल उसी को मिलता है ,जो धर्म का सच्चा पुरुषार्थ करता है।

यह कोई साधारण पुरुषार्थ नहीं है।मुनिश्री ने कहां जितने भी अरिहंत और सिद्ध भगवान हुए हैं, वे सामान्य प्रयास से नहीं, बल्कि मोक्ष पुरुषार्थ और धर्म-तप के बल से ही हुए हैं।तप से ही निर्जरा होती है और तप करने के लिए सम्यकदर्शन का होना अनिवार्य है। जहाँ चारित्र होता है, वहीं आत्मा सम्यक्त्व की ओर अग्रसर हो सकती है।जिसका सम्यकदर्शन मलिन है, वह मोक्षमार्ग पर आगे नहीं बढ़ सकता। श्रद्धा जीवित रहनी चाहिए। समीचीन श्रद्धा ही दिगंबर साधुओं के प्रति भक्ति को बढ़ाती है और वही आगे बढ़ने का मार्ग बनाती है। समय के प्रभाव से चक्रवर्ती का अहंकार भी गलित हो जाता है।भव्य जीव ही कर्णेन्द्रिय जैसे उच्च गुणों को प्राप्त करते हैं, क्योंकि उनमें कषायों का उपशम हो रहा होता है। यह बात हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए।अंजन चोर का उदाहरण बताता है कि आसक्ति और कुसंस्कार जीवन को कैसे गिराते हैं। मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने कहां एक राजा का राज-पाट छूट गया, पिता ने भी त्याग दिया, क्योंकि जब सदाचार नहीं रहता तब अपने भी मुँह मोड़ लेते हैं।जब मान बढ़ने लगता है, तो समझना चाहिए कि सम्यकदर्शन का प्रभाव कम हो रहा है।जिनेंद्र भगवान की भक्ति से ही पुण्य प्रकट होता है। आज कल परिवारों में जो विसंगति और अलगाव दिख रहा है, उसका कारण समान दृष्टि का अभाव है। जहाँ समान दृष्टि होती है, वहाँ प्रत्येक जीव अच्छा लगता है और परिवारों में एकता बढ़ती है।

## मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष ने मंडल अध्यक्षों की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इन दिनों मप्र में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य एसआईआर चल रहा है। इसको लेकर भाजपा ने भी उक्त कार्य मे सहयोग एवं निगरानी हेतु अपनी पार्टी की ओर से भी सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ-2 की नियुक्ति की है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के कार्यालय में देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, सीहोर जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाडा, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी आठो मंडल अध्यक्षो,जिला पदाधिकारियों,एसआईआर कार्य के जिला संयोजक,विधानसभा संयोजक आदि की एक समीक्षा बैठक ली। बैठक में सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी,जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने उक्त कार्य मंडलो में मतदान केंद्रों तक कैसा चल रहा है,कोई परेशानी तो नही आ रही है कि सभी से जानकारी ली एवं उक्त अति महत्वपूर्ण कार्य को बड़ी गम्भीरता से लेने की बात कही। बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष सहित सभी अपेक्षित पदाधिकारी उपस्तिथ रहे। देवास सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी का आज पहली बार विधायक कार्यालय आगमन पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सांसद एवं जिला अध्यक्ष जी का स्वागत सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।